BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी

कक्षा– छठी

निर्देश :-

१) इस पाठ को दो भागों में **बाँटा** गया है

२) पहले भाग में भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण के विषय में बताया गया है ।

३) भाग- **2** में पर्यायवाची, विलोम शब्द तथा चित्र वर्णन का अभ्यास कार्य दिया गया है।

भाग- 1

भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

(विषय को समझने के लिए दिया गया लिंक देखें)
https://www.youtube.com/watch?v=SeDgpTzlXUE

प्यारे बच्चों ,

लिंक से आपने जाना कि-

१)**भाषा** एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने मन के भावों और विचारों को बोलकर तथा लिखकर प्रकट करता है तथा दूसरों के विचारों को पढ़कर या सुनकर ग्रहण करता है ।

भाषा के दो रूप हैं –

क) मौखिक भाषा -टेलीफ़ोन पर बात करना ,कहानी सुनाना,भाषण देना आदि इसके उदाहरण हैं ।

ख)लिखित भाषा -पत्र लिखना, समाचार पत्र पढ़ना आदि इसके उदाहरण हैं ।

२)बोली-

यह किसी विशेष स्थान पर प्रयोग होती है तथा इसका क्षेत्र सीमित होता है ।

३)लिपि –

मौखिक भाषा को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए निश्चित किए गए चिन्हों को लिपि कहते हैं अर्थात् भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है ।

विभिन्न भाषाओं की लिपियाँ-

हिंदी, संस्कृत, नेपाली, मराठी	– देवनागरी
उर्दू	– अरबी – फ़ारसी
अंग्रेज़ी, जर्मन, फ़्रेंच	– रोमन
पंजाबी	– गुरूमुखी

४) व्याकरण –

यह वह शास्त्र है जो हमें किसी भाषा के शुद्ध रूप को लिखने तथा बोलने के नियमों का ज्ञान कराता है अर्थात् भाषा को शुद्ध रूप में पढ़ना, लिखना और बोलना हम व्याकरण से सीखते हैं ।

अभ्यास –

प्रश्न १) उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

क) विचारों के आदान - प्रदान का साधन -------- है ।

ख) भाषा के दो रूप ------- और ------- हैं ।

ग) क्षेत्र विशेष में बोला जाने वाला भाषा का रूप ------- कहलाता है ।

घ) भाषा को लिखने के ढंग को ------ कहते हैं ।

ड़) भाषा के शुद्ध रूप की जानकारी हमें -------- करवाता है ।

प्रश्न २) भाषा और लिपि का उचित मिलान कीजिए -

पंजाबी	रोमन
अंग्रेज़ी	अरबी - फ़ारसी
उर्दू	देवनागरी
हिंदी	गुरूमुखी

प्रश्न ३) मौखिक और लिखित भाषा में उदाहरण देते हुए अंतर बताइए।

(पाठ को दोहराने के लिए ऊपर दिए गए लिंक को दोबारा देखें)

भाग- 2

नीचे दिया गया कार्य निर्देशानुसार कॉपी में कीजिए।

1.पर्यायवाची शब्द 1-10 (अहंकार से इच्छा)

2.विलोम शब्द अंधकार से घृणा।

3.दिए गऐ चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में 5-6 पंक्तियाँ लिखिए।

क्र.सं.	शब्द	पर्यायवाची शब्द
1.	अहंकार	अभिमान, घमंड, दर्प, दंभ
2.	अंधकार	अँधेरा, तम, तिमिर
3.	अतिथि	मेहमान, आगंतुक, अभ्यागत, पाहुना
4.	अमृत	सुधा, सोम, पीयूष, अमिय
5.	असुर	दानव, दनुज, राक्षस, निशाचर
6.	अश्व	घोड़ा, हय, तुरंग, घोटक
7.	आकाश	अंबर, गगन, नभ, व्योम, आसमान
8.	आग	अग्नि, अनल, पावक, वह्नि
9.	आनंद	हर्ष, उल्लास, खुशी, प्रसन्नता
10.	इच्छा	आकांक्षा, मनोरथ, कामना, चाह

शब्द	विलोम
अंधकार	प्रकाश
अधिक	न्यून
अपव्यय	मितव्यय
अमीर	गरीब
अपना	पराया
आलसी	परिश्रमी
आदान	प्रदान
आय	व्यय
आस्तिक	नास्तिक
उपकार	अपकार
ऊँच	नीच
कोमल	कठोर
घृणा	प्रेम

(कॉपी की जाँच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी)